मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-132
09/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट, 2023 का किया उद्घाटन

- मेडल लाओ, नौकरी पाओ– मुख्यमंत्री

पटना, 09 फरवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पाटलिपुत्रा खेल परिसर में 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स, 2023 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि बिहार में पहली बार राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी राज्यों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आये हैं। मैं उन सभी खिलाड़ियों एवं उनके साथ आये अधिकारियों का अभिनंदन करता हूँ और धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि यह विश्व की सबसे बड़ी बुनियादी स्तर पर प्रतिभा खोज अभियान है। भविष्य के लिए खिलाड़ी तैयार करने का यह जरिया है। अब राज्य सरकार की तरफ से ऐसी और प्रतियोगितायें आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। यह खुशी की बात है। इसके लिए जो भी मदद की जरुरत होगी राज्य सरकार अपने स्तर से करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से 6000 खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। बिहार के भी 600 खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। बिहार में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। हमलोग चाहते हैं कि स्कूल एवं कॉलेजों में पढ़नेवाले छात्र–छात्राएं पढ़ने के साथ–साथ खेलें भी। पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। 221 स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है बाकी पर काम जारी है। हम चाहते हैं कि सभी स्टेडियम जल्द से जल्द बनकर तैयार हो जाय। राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के लिए बाहर भी भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए विदेशों से भी प्रशिक्षकों को बुलाया जा रहा है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को बिहार खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इसके तहत नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। इसके तहत अब तक 226 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा चुका है। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण हमलोगों ने करवाया है, यह काफी सुंदर और बेहतर है। यहाँ खेलों का आयोजन होता है। यहां खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं उनके ठहरने की बेहतर व्यवस्था है। इस आयोजन में भाग लेने के लिये जो खिलाड़ी आये हैं, उनमें लड़कियों के लिये पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ठहरने की व्यवस्था की गयी है, जबकि लड़कों के लिये ओ0पी0 साह सामुदायिक भवन में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। सभी खिलाड़ियों के रहने, खाने–पीने एवं अन्य सारी सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था रखें। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका ख्याल रखें। ऐसी व्यवस्था करें कि जो भी लोग इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं, वे यहाँ से अच्छे अनुभव लेकर जायें। खिलाड़ियों

को बिहार म्यूजियम के साथ–साथ अन्य महत्वपूर्ण भवनों एवं जगहों का भी भ्रमण करायें ताकि बिहार में बारे में वे और बेहतर ढ़ंग से जान सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स एकेडमी, क्रिकेट स्टेडियम एवं खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इसको लेकर 740 करोड़ रुपये की लागत से काम हो रहा है। वर्ष 2002 में हम जब स्व0 श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में रेल मंत्री थे तो हमने खिलाड़ियों के लिए रेलवे में नौकरी देने का निर्णय लिया था। देश में पहली बार खिलाड़ियों को रेलवे में नौकरी देने की शुरुआत हमलोगों ने करायी थी। बिहार में वर्ष 2012 से लेकर अब तक 235 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। अभी ग्रेड–3 में नौकरी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने निर्णय ले लिया है कि आनेवाले दिनों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को बिहार प्रशासनिक सेवा (एस0डी0एम0), बिहार पुलिस सेवा (डी0एस0पी0) या समकक्ष में सीधे नौकरी देंगे। मेडल लाओ, नौकरी पाओ। इस प्रतियोगिता में शामिल होनेवाले सभी खिलाड़ियों को मैं शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। आप सभी खिलाड़ी देश दुनिया में अपना नाम रौशन कीजिए एवं आगे बढ़िये।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव श्रीमती बन्दना प्रेयसी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविंद्रन शंकरण, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री अदिल्ले सुमारीवाला ने संबोधित किया। ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट श्री नीरज चोपड़ा ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सलामी और राष्ट्रगान से की गई। इसके पश्चात् देश के सभी राज्यों के लगभग 1200 एथलिटों ने मार्च पास्ट किया।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का तथा उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण का ध्वजारोहण किया।

मुख्यमंत्री ने खेल प्राधिकरण के रिपोर्ट कार्ड, 2022 का विमोचन किया।

18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट, 2023 के उद्घाटन के पश्चात् मेडेलिस्ट श्री पीयूष राज और सुश्री तान्या मिश्रा ने वहां उपस्थित सभी एथलिटों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर अर्जुन पुरस्कार एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित पद्म श्री बहादुर सिंह, पद्म श्री अंजू बॉबी जार्ज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव श्री बी0 राजेन्दर, सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक श्री पंकज कुमार राज, वरिष्ठ खेल सलाहकार श्री एस0एस0 रनिल, अध्यक्ष बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन श्री सलीम परवेज, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट, 2023 में विभिन्न राज्यों से आए हुए प्रतिभागीगण, प्रशिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******